चित्रकूट-पुलिस

(1). नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 26.04.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

(2). आज दिनाँक 26.04.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

(3). आज दिनाँक 26.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में नायब तहसीलदार कर्वी श्री मंगल यादव की उपस्थिति में थाना कोतवाली कर्वी में एवं थाना बहिलपुरवा में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस के अवसर पर आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर शासन द्वारा निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। जमीन सम्बन्धी प्रकरणों में राजस्व व पुलिस टीम भेजकर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।
अपराध निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री लाखन सिंह,प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी उपस्थित रहे।

(4). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में थानों पर खड़े वाहनों के निस्तारण के रुप में Operation Clean के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में थाना कोतवली कर्वी में खड़े कुल 10 लावारिस/जब्तशुदा जिसमें 09 मोटरसाइकिल 01 बोलेरो गाड़ी की नीलामी की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी जिसके क्रम में सभी वाहनों का सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी चित्रकूट से दिनाँक 01.02.2025 को मुल्यांकन कराया गया। नीलामी की प्रक्रिया के क्रम में श्रीमान उपजिला मजिस्ट्रेट कर्वी को रिपोर्ट देकर नीलामी की तिथि निश्चित की गयी और समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित कराते हुए प्रचार प्रसार कराया गया जिसके क्रम में आज दिनांक 26.04.2025 को श्री मंगल यादव नायब तहसीलदार कर्वी की उपस्थिति में नीलामी की कार्यवाही थाना परिसर में शुरू की गयी जिसमें बोली लगाने हेतु उपस्थित 04 व्यक्तियों के सामने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बोली प्रारम्भ की गयी सभी वाहनो की अन्तिम बोली 55000 रु0 बोली गयी जिसे अन्तिम रुप देते हुए कागजात तैयार कर वाहनों को अंतिम बोली दाता को सुपुर्द कर थाना हाजा से रूकसत किया गया, इस प्रकार थाना कोतवाली कर्वी में खडे 10 वाहनों की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

(5). मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में ऑपरेशन बचपन के क्रम में आज दिनाँक 26.04.2025 बालश्रम अधिकारी कर्वी श्री महेन्द्र शुक्ला,बाल कल्याण अधिकारी श्री शौरभ सिंह तथा थाना उ0नि0 श्री सदानन्द सिंह थाना एचटीयू मय हमराह आरक्षी त्रिभुवन सिंह द्वारा बाल विवाह के सम्बन्ध में मीटिंग कर चौकी सीतापुर क्षेत्र के रामघाट,बेड़ीपुलिया क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के आस-पास होटलों,दुकानों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। इस दौरान होटलों में हो रहे बालश्रम की चेकिंग की गयी तथा पम्पलेट्स वितरित कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 की जानकारी दी गयी। इस दौरान घुमंतू परिवार के लोगों को यह भी हिदायत दी कि बच्चों से बाल श्रम व भीख ना मंगवाए स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें।

(6). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी पहाड़ी श्री प्रभुनाथ यादव के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अभिनव प्रताप सिंह व उनकी टीम द्वारा मु0नं0 2817/23, मु0अ0सं0 209/2008 धारा 452/354/323/504/506 के वारण्टी अभियुक्त 1.ज्ञानदत्त पुत्र रामकिशोर प्रजापति 2. रामदीन पुत्र विश्राम 3. रामकिशोर पुत्र बदलिया निवासीगण ग्राम कौहारी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री अभिनव प्रताप सिंह थाना पहाड़ी

2. मुख्य आरक्षी सौरभ कुमार
3. आरक्षी आनन्द प्रताप सिंह
4. आरक्षी सचित कुमार

(7). .आज दिनाँक 26.04.2025 को अपर जिलाधिकारी श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि द्वारा वैशाख मास अमावस्या मेला डियूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग में अपर जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि गर्मी का मौसम है मेला क्षेत्र में चिकित्साधिकारी मय दवाईयां के मेला क्षेत्र में समय से उपस्थित होकर आने वाले श्रद्धालुओं को समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए तत्काल उचित इलाज करेगें। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को कहा गया कि सभी कर्मचारीगण अपनी-अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे, कोई भी अधिकारी/कर्मचारी डियूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा। ड्यूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करेगें।

पूरे मेल को सकुशल संपन्न करने के लिए 03 जोन व 12 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 02 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 13 थाना प्रभारी निरीक्षक,08 निरीक्षक, 64 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 160 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल,42 महिला कांस्टेबल, 02 उपनिरीक्षक यातायात,12 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात,10 हेड कान्सटेबल/कान्सटेबल एलआईयू, 01 डॉग स्क्वायड की डियूटी लगाई गई है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात/कार्यालय श्री फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण एवं मेला में लगे समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।